आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा—आत्मनिर्भरता और स्वदेशी, देश के आर्थिक भविष्य को आकार देने वाले मार्गदर्शक सिद्धांत हैं।

2. उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कहा—यह ऐतिहासिक दिन 26 जनवरी 1950 को भारत के संविधान को अपनाए जाने का स्मरण कराता है।

3. सरकार ने वर्ष 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों एवं सशस्त्र बलों के 70 कर्मियों के लिए वीरता पुरस्कारों की घोषणा की है।

4. राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर माई भारत की ओर से माई भारत माई वोट थीम के तहत पदयात्रा का आयोजन किया गया।

<><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि देश के आर्थिक भविष्य को आकार देने की यात्रा में आत्मनिर्भरता और स्वदेशी, मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। उन्होंने कहा कि हमारे युवा उद्यमी, खिलाड़ी और व्यवसायी देश में नई ऊर्जा का संचार कर रहे हैं और विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश में युवाओं की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है और बड़ी संख्या में देश के युवा आबादी स्वरोजगार के जरिए प्रभावशाली रूप से सफलता का प्रदर्शन कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत, लगातार आर्थिक विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। राष्ट्रपति ने कहा कि देश निकट भविष्य में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने जीएसटी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के सरकार के फैसले की सराहना की।

<><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज 77वां गणतंत्र दिवस आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर, उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक दिन 26 जनवरी 1950 को भारत के संविधान को अपनाए जाने का स्मरण कराता है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों और हमारे संविधान के निर्माताओं की दूरदर्शिता को गहरी कृतज्ञता के साथ याद करने का अवसर प्रदान करता है, जिनके न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्श आज भी हमारे राष्ट्र के आधार स्तंभ बने हुए हैं। सांसद बिष्णु पद रे ने भी

अपने संदेश में कहा कि यह दिन हमें हमारे संविधान में निहित उन शाश्वत मूल्यों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि यह द्वीपसमूह अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता, रणनीतिक महत्व और जुझारू लोगों के साथ 'विविधता में एकता' के गौरवशाली प्रतीक के रूप में खड़ा हैं। आटो के अध्यक्ष एम. विनोद ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्यटन राष्ट्रीय एकीकरण, सांस्कृतिक आदान–प्रदान और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में आज 77वां गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। मुख्य समारोह श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आकाशवाणी श्री विजयपुरम सुबह साढ़े आठ बजे से मरीना पार्क रोड से ध्वजारोहण समारोह और उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी का द्वीपवासियों के नाम संबोधन का सीधा प्रसारण करेगा। इसके बाद नई दिल्ली से सुबह नौ बजकर चालीस मिनट से गणतंत्र दिवस परेड और सांस्कृतिक झांकियों का सीधा प्रसारण किया जाएगा। दूरदर्शन केन्द्र श्री विजयपुरम की ओर से भी राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा दूरदर्शन के यू–ट्यूब चैनल पर भी कार्यक्रम देखा जा सकता है। द्वीप समूह के विभिन्न हिस्सों में आयोजित सभी कार्यक्रमों की एक विस्तृत रिपोर्ट आज शाम पांच बजे से साढ़े छः बजे तक प्रसारित की जाएगी।

<><><><><><><>

सरकार ने वर्ष 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की। इसमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। इनमें 19 महिलाओं सहित 16 लोगों को मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार हर वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर घोषित किए जाते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सशस्त्र बलों के 70 कर्मियों के लिए वीरता पुरस्कारों की घोषणा की। इनमें छह पुरस्कार मरणोपरांत दिए जाने हैं। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को देश के सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार अशोक चक्र से सम्मानित किया जाएगा। मेजर अर्शदीप सिंह, नायब सूबेदार डोलेश्वर सुब्बा सिंह और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर को कीर्ति चक्र से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों और अन्य कर्मियों के लिए 301 सैन्य पदकों को भी मंजूरी दी है।

<><><><><><><>

'माई भारत', की ओर से कल मतदाता जागरूकता, नैतिक चुनावी भागीदारी और पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से एक केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय पदयात्रा और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद, बिष्णु पद रे ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. कुमार और चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धानंद सरस्वती ने 'मतदाता शपथ' दिलाई। माय भारत' और भारतीय खेल प्राधिकरण के लगभग 400 युवा स्वयंसेवकों के साथ–साथ कॉलेज के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। यूथ आइकन हरीश कुमार ने पदयात्रा का नेतृत्व किया और युवा प्रतिभागियों को मतदाता के रूप में पंजीकरण करने और अपने मताधिकार का जिम्मेदारी से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान #MyBharatMyVote थीम के तहत लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर संदेश दिए गए। इस दौरान दिव्यांग मतदाताओं और वरिष्ठ नागरिकों को भी सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में, मुख्य अतिथि ने लोकतंत्र को मजबूत करने में एक वोट की शक्ति पर प्रकाश डाला। इससे पहले, 'माई भारत', के संयुक्त निदेशक सुखरंजन बिश्वास ने कहा कि मतदान करना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार और पवित्र कर्तव्य दोनों है।

<><><><><><><>

कार निकोबार में कल "मेरा भारत, मेरा वोट" विषय के साथ राष्ट्रीय मतदाता दिवस, मनाया गया। जिला पुस्तकालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला उपायुक्त अमित काले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिले में स्वीप गतिविधियों के कड़ाई से कार्यान्वयन के लिए बीएलओ के योगदान की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थिति को 'मतदाता दिवस शपथ' भी दिलाई। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन बीएलओ को सम्मानित किया। इस अवसर पर निकोबार जिला पुलिस अधीक्षक राहुल एल. नायर ने नए पंजीकृत मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र वितरित किए और निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। जिला प्रशासन द्वारा पुलिस, शिक्षा विभाग और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। ननकौड़ी और कैंपबेल बे में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया।

<><><><><><><>